Victorian Equal Opportunity
& Human Rights Commission

मानवधिकार और उत्तरदायित्व चार्टर

चार्टर क्या है?

मानवाधिकार और उत्तरदायित्व चार्टर (चार्टर) एक कानून है, जो विक्टोरिया में सभी लोगों के आधारभूत अधिकार, स्वतंत्रता और जिम्मेदारियाँ नियत करता है।

सार्वजनिक प्राधिकरणों (राज्य और स्थानीय सरकार, अदालतों और न्यायाधिकरणों) के लिए इन अधिकारों का पालन करना अनिवार्य है। नई नीतियों और कानूनों में भी मानवाधिकारों पर विचार किया जाना अनिवार्य है।

सरकार में कार्यरत लोगों के लिए भी मानवाधिकारों का पालन करना अनिवार्य है, ताकि समुदाय के सदस्यों के साथ अनुचित व्यवहार न हो पाए।

चार्टर के तहत सार्वजनिक अधिकारियों की जिम्मेदारियों के बारे में और अधिक पढ़ें।

कुछ विशेष परिस्थितियों में कुछ अधिकारों को सीमित किया जा सकता है। किंतु यह आवश्यक है कि ऐसा करना अनिवार्य और उचित हो और इस निर्णय के लिए स्पष्ट कारण हों।

अधिनियम की एक पूरी प्रति देखें और डाउनलोड करें

मानवाधिकार और उत्तरदायित्व चार्टर अधिनियम 2006

चार्टर में कौन से अधिकार शामिल हैं?

20 मौलिक मानवाधिकार संरक्षित हैं, जिनमें शामिल हैं:

- समानता का अधिकार
- क्रूर, अमानवीय या अपमानजनक व्यवहार से सुरक्षा
- मतदान करने का अधिकार
- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
- सांस्कृतिक अधिकार।

चार्टर के तहत यह माना जाता है कि सभी अधिकार जिम्मेदारियों के साथ आते हैं। इसमें अन्य लोगों के अधिकारों का सम्मान करने की जिम्मेदारी शामिल है। **सभी अधिकारों की संपूर्ण सूची तथा और अधिक जानकारी** देखें।

क्या अधिकारों को सीमित किया जा सकता है?

अधिकारों को केवल तभी सीमित किया जा सकता है, जब सभी प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखते हुए इसे एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक समाज में स्पष्ट रूप से उचित माना जा सके।

सार्वजनिक प्राधिकरण मानवाधिकारों को उस स्थिति में सीमित कर सकते हैं, जब इन सीमाओं को उचित माना जा सकता है। इसका अर्थ यह है कि सरकार और संसद समुदाय की ओर से इस बारे में निर्णय लेना जारी रख सकती है कि सबसे अच्छे तरीके से अधिकारों का संतुलन तथा विक्टोरियावासियों का अपराध से संरक्षण कैसे किया जाए और प्रतिस्पर्धी जनहित चुनौतियों के लिए सीमित धन का उपयोग कैसे किया जाए।

क्या इसमें कोई अपवाद हैं?

मानवाधिकारों के बारे में उपयुक्त रूप से विचार-मनन करना और इनके साथ संगत रूप से कार्य करना लागू नहीं होता है, यदि:

- कोई सार्वजनिक प्राधिकरण किसी अन्य कानून के तहत यथोचित रूप से कुछ अलग कदम उठाने या अलग निर्णय लेने में सक्षम नहीं था।

- वह कार्य या निर्णय निजी प्रकृति का है
- वह कार्य या निर्णय किसी धार्मिक निकाय को उनकी धार्मिक आस्था, विश्वासों या सिद्धांतों के अनुरूप व्यवहार करने से अवरुद्ध या बधित करेगा।

चार्टर के तहत विक्टोरियावासी किस प्रकार से बेहतर होंगे?

चार्टर यह सुनिश्चित करता है कि राज्य सरकार निष्पक्ष रूप से नए कानून बनाना जारी रखे और नई शक्तियों तथा विक्टोरियावासियों के अधिकारों के संरक्षण के बीच संतुलन प्राप्त करे।

चार्टर हमारी जनसेवाओं और सरकारी विभागों के व्यवहार में सुधार ला सकता है। यह सार्वजनिक प्राधिकरणों के निर्णयों को निष्पक्ष तथा और अधिक मजबूत बना सकता है, स्पष्ट कानूनी मानक स्थापित कर सकता है और ऐसी स्थितियों को सशक्त बना सकता है, जहाँ परिवर्तन की आवश्यकता है।

चार्टर प्रतिस्पर्धी जनहितों को संतुलित करने के बारे में कठिन निर्णय लेते समय कानूनी रूप से कार्य करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करके निर्णय लेने में सहायता देता है।

चार्टर सरकार द्वारा विक्टोरियावासियों के समर्थन के तरीके में सुधार लाता है, विशेषकर हमारे समुदाय के सबसे बाहरी हाशिए पर रहने वाले बहिष्कृत और वंचित लोगों के लिए।

आयोग की भूमिका क्या है?

चार्टर के तहत विक्टोरियाई समानावसर एवं मानवाधिकार आयोग की दो प्रमुख भूमिकाएं हैं:

1. **जानकारी और शिक्षा**
   हम लोगों को चार्टर में निहित अधिकारों और स्वतंत्रताओं के, और इन्हें रोजमर्रा की वास्तविकता बनाने के लिए वे क्या कर सकते हैं, इस बारे में समझने में सहायता देते हैं। ऐसा करने के लिए हम:
   - अपनी **पूछताछ लाइन** के माध्यम से जानकारी प्रदान करते हैं और सवालों के जवाब देते हैं। हम चार्टर से संबंधित शिकायतों के साथ व्यवहार नहीं करते हैं।
   - चार्टर के तहत अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में **शिक्षा और प्रशिक्षण** प्रदान करते हैं।

2. **चार्टर के लागूकरण का स्वतंत्र आकलन**
   - हम विक्टोरिया सरकार, स्थानीय परिषदों और अन्य सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा चार्टर के तहत अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए उठाए गए कदमों का नियमित और स्वतंत्र आकलन प्रदान करते हैं।

चार्टर के बारे में शिकायतें

हम चार्टर के बारे में शिकायतों के साथ व्यवहार नहीं करते हैं।

यदि आपको लगता है कि आपके मानवाधिकारों का उल्लंघन किया गया है, तो आपको **Victorian Ombudsman (विक्टोरियाई लोकपाल)** से संपर्क करना चाहिए।

यदि आप पुलिस के आचरण के बारे में शिकायत करना चाहते/ती हैं, तो **स्वतंत्र व्यापक-आधारित भ्रष्टाचार-विरोधी आयोग** से संपर्क करें।